# अर्थशास्त्र ( Economics)

## एक शब्द के उत्तर वाले प्रश्न

## One Word Answer Type Questions

**1. अर्थशास्त्र के दुर्लभता संबंधी परिभाषा के प्रतिपादक कौन हैं?**

उत्तर: रोबिन्सन

**2. रिजर्व बैंक के वर्तमान गवर्नर है?**

उत्तर: श्री शक्तिकांत दास

**3. अर्थशास्त्र के धन संबंधी परिभाषा किसके द्‌वारा दी गयी?**

उत्तर: एडम स्मिथ

**4. 'अर्थशास्त्र आर्थिक कल्याण का विज्ञान है।' किसने कहा?**

उत्तर: प्रो. मार्शल

**5. सेम्युलस ने अर्थशास्त्र के किस विचारधारा के अंतर्गत परिभाषा दी?**

उत्तर: विकास वादी विचारधारा

**6. 'सभी सुखों का एकमात्र आधार धन है।' यह किसने कहा था?**

उत्तर: एडम स्मिथ

**7. आर्थिक मनुष्य की कल्पना सर्वप्रथम किसने की थी?**

उत्तर: एडम स्मिथ

**8. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का राष्ट्रीयकरण कब हुआ?**

उत्तर: 1949 में

**9. भारत में किस अर्थव्यवस्था को अपनाया गया है?**

उत्तर: मिश्रित अर्थव्यवस्था

**10. उत्पादन संभावना वक्र मूल बिन्दु की ओर कैसा होता है?**

उत्तर: नतोदर/ अवनतोदर

**11. शोषण का सरकारीकरण किस अर्थव्यवस्था का दोष है?**

उत्तर: समाजवादी

**12. चुनावों की सूची बनाने वाला वक्र कौन - सा है?**

उत्तर: उत्पादन सम्भावना वक्र

**13. वर्ग संघर्ष किस अर्थव्यवस्था की विशेषता है?**

उत्तर: पूंजीवादी

**14. किस अर्थव्यवस्था में निजी क्षेत्र को सीमित कर दिया जाता है?**

उत्तर: समाजवादी

**15. पूँजीवाद की सभी संस्थाओं का हृदय किसे कहा जाता है?**

उत्तर: लाभ

**16. प्राथमिकताओं के आधार पर उत्पादन क्षेत्र एवं उत्पादन की मात्रा का निर्धारण कौन करता है?**

उत्तर: केंद्रीय नियोजित सत्ता (सरकार )

**17. किस स्तर के बाद कुल उपयोगिता घटने लगती है?**

उत्तर: सीमांत उपयोगिता के ऋणात्मक होने पर

**18. उपभोक्ता को प्राप्त होने वाली उपयोगिता के अधिकतमीकरण का बिन्दु क्या कहलाता है?**

उत्तर: उपभोक्ता संतुलन (साम्य)

**19. विलासिता की वस्तुओं की माँग की लोच किस प्रकार की होती है?**

उत्तर: अत्याधिक लोचदार

**20. हस्तांतरण आय किस लागत को कहा जाता है?**

उत्तर: अवसर लागत / आर्थिक लागत

**21. स्थिर लागत और परिवर्तनशील लागत का योग किसके बराबर होता है?**

उत्तर: कुल लागत

**22. कीमत में थोड़ी - सी गिरावट होने पर वस्तु की पूर्ति शून्य हो जाती है तो इसे किसकी पूर्ति की लोच कहा जाता है?**

उत्तर: पूर्ण लोचदार पूर्ति

**23. उत्पादन की एक अतिरिक्त इकाई बेचने से कुल आगम में जो वृद्धि होती है, उसे कहते हैं?**

उत्तर: सीमांत आगम

**24. एक फर्म साम्य की दशा में कौन-सा लाभ प्राप्त करती है?**

उत्तर: अधिकतम लाभ

**25. टमाटर का बाजार मुख्य रूप से किस प्रकार का बाजार होता है?**

उत्तर: अति अल्पकालीन बाजार

**26. बाजार मूल्य किसके चारों ओर घूमता है?**

उत्तर: सामान्य मूल्य

**27. दीर्घकाल में पूर्ण प्रतियोगी फर्म को कौन - सा लाभ प्राप्त होता है?**

उत्तर: सामान्य लाभ

**28. कीमत निर्धारण में समय तत्व का महत्व किस अर्थशास्त्री ने बताया था?**

उत्तर: प्रो. मार्शल

**29. असामान्य लाभ या हानि किस प्रतियोगिता में होती है?**

उत्तर: एकाधिकार

**30. व्यावहारिक जगत में किस प्रतियोगिता की स्थिति नहीं पाई जाती है?**

उत्तर: पूर्ण प्रतियोगिता बाजार

**31. कीमत सीमा के परिणामस्वरूप कौन-सी समस्या उत्पन्न होती है? कोई एक बताइए।**

उत्तर: काला बाजारी

**32. वस्तु की कीमत का निर्धारण किसके द्वारा होता है?**

उत्तर: मांग और पूर्ति द्वारा

**33. भारतीय अर्थव्यवस्था के कौन - से क्षेत्र का राष्ट्रीय आय में सर्वाधिक योगदान है?**

उत्तर: तृतीयक क्षेत्र (सेवा क्षेत्र )

**34. अंतिम स्टॉक एवं प्रारंभिक स्टॉक में अन्तर कहलाता है?**

उत्तर: स्टॉक में परिवर्तन

**35. राष्ट्रीय आय का अध्ययन किस अर्थशास्त्र में किया जाता है?**

उत्तर: समष्टि अर्थशास्त्र

**36. राष्ट्रीय आय में वृद्धि किस बात की सूचक होती है?**

उत्तर: आर्थिक वृद्धि

**37. वर्ष में कौन - सी वस्तुओं व सेवाओं के मौद्रिक मूल्य को कुल राष्ट्रीय उत्पाद में जोड़ा जाता है?**

उत्तर: अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं के

**38. माँग आधिक्य किसे जन्म देता है?**

उत्तर: स्फीतिक अंतराल

**39. अभावी माँग को संतुलित करने का सर्वोत्तम उपाय क्या है?**

उत्तर: सार्वजानिक व्यय में वृद्धि

**40. बेरोजगारी का न्यून माँग सिद्धांत किसने प्रतिपादित किया?**

उत्तर: प्रो. कीन्स

**41. प्रो. कीन्स द्वारा प्रतिपादित ब्याज के सिद्धांत का नाम बताइए?**

उत्तर: तरलता पसंदगी सिद्धांत

**42. कृषकों को दीर्घकालीन ऋण देने वाली बैंक का नाम बताइए?**

उत्तर: राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD)

**43. “बैंक केवल द्रव्य जुटाने वाली संस्था ही नहीं है, वरन् ये द्रव्य के सृजनकर्ता भी हैं।” किसने कहा है?**

उत्तर: शेयर्स

**44. कागजी मुद्रा निर्गमन का अधिकार किसे होता है?**

उत्तर: केंद्रीय बैंक

**45. अतिरेक बजट का अर्थ लिखिए?**

उत्तर: बजट प्राप्तियां बजट व्यय से अधिक है

**46. शिक्षा का व्यय कैसा व्यय माना जाता है?**

उत्तर: विकासात्मक व्यय

**47. प्रतिवर्ष वित्तमंत्री द्वारा प्रस्तुत देश के बजट को कौन पारित करता है?**

उत्तर: देश की संसद

**48. सरकार द्वारा जुलाई 2017 से कौन - सा कर लगाया गया है?**

उत्तर: वस्तु एवं सेवा कर (GST)

**49. सरकार बजट कितने वर्ष के लिए बनाती है?**

उत्तर: एक वितीय वर्ष

**50. नई व्यापार नीति की घोषणा किस सन में की गई?**

उत्तर: 1991

**51. भारतीय रुपये के अवमूल्यन से भारतीयों के आयात कैसे हो जायेंगे?**

उत्तर: आयात कम हो जायेंगे

**52. पूँजी खाते से किस बात का ज्ञान होता है?**

उत्तर: निवेश एवं ऋण का

**53. एक देश की मुद्रा का दूसरे देश की मुद्रा में व्यक्त मूल्य क्या कहलाता है?**

उत्तर: विदेशी विनिमय दर

THE ECONOMICS GURU
EDUCATION | INSPIRATION | KNOWLEDGE

**LIKE** AND **SHARE** The Video

**SUBSCRBE** THE CHANNEL

**THE ECONOMICS GURU**

FOLLOW ME ON INSTAGRAM / @theeconomicsguru

FOLLOW ME ON FACEBOOK / NAKUL DHALI

For PDF visit my website: www.theeconomicsguru.com